## ब्रिटिश सत्ता का विस्तार
## (बंगाल, मैसूर, पंजाब आदि के संदर्भ में)

1. प्लासी की लड़ाई (1757) में अंग्रेजी सेना का नेतृत्व किसने किया ?
(अ) रॉबर्ट क्लाइव ने (ब) हेक्टर मुनरो ने
(स) वारेन हेस्टिंग्स ने (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)
व्याख्याः– प्लासी का युद्ध 23 जून, 1757 ई. को मुर्शिदाबाद के दक्षिण में 22 मील दूर नदिया जिले में गंगा नदी के किनारे प्लासी नामक स्थान पर अंग्रेजों के सेनापति रॉबर्ट क्लाइव एवं बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला के बीच हुआ जिसमें नवाब अपने सेनापति मीर जाफर की धोखाधड़ी करने के कारण पराजित हुआ। अंग्रेजों ने मीर जाफर को बंगाल का नवाब बनाया। प्लासी की लड़ाई में मोहनलाल एवं मीर मदान के नेतृत्व में एक छोटी सेना नवाब के वफादार रही। मीर मदान लड़ते हुए मारा गया।

2. बक्सर के युद्ध (1764) में अंग्रेजी सेना का नेतृत्व किसने किया ?
(अ) रॉबर्ट क्लाइव ने (ब) हेक्टर मुनरो ने
(स) वारेन हेस्टिंग्स ने (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

3. बंगाल का द्वैध शासन कब से कब तक चला ?
(अ) 1757 से 1767 तक
(ब) 1764 से 1793 तक
(स) 1765 से 1772 तक
(द) 1760 से 1793 तक
उत्तर : (स)

4. वर्ष 1798 ई. में लॉर्ड वेलेजली द्वारा प्रस्तावित सहायक संधि को स्वीकार करने वाला सबसे पहला भारतीय शासक था–
(अ) अवध का नवाब (ब) हैदराबाद का निजाम
(स) कर्नाटक का नवाब (द) मैसूर का राजा
उत्तर : (ब) SSC 2002

5. भारत का प्रथम गवर्नर जनरल व वायसराय था–
(अ) लॉर्ड हेस्टिंग्स (ब) लॉर्ड केनिंग
(स) लॉर्ड मिण्टो (द) लॉर्ड कर्जन
उत्तर : (ब) SSC 2002

6. तीसरे आंग्ल मैसूर युद्ध को रोकने के लिए टीपू सुल्तान ने अंग्रेजों के साथ कौन–सी संधि की ?
(अ) मंगलौर की संधि (ब) श्रीरंगपट्टनम की संधि
(स) मैसूर की संधि (द) बिदनूर की संधि
उत्तर : (ब) SSC 2002, RRB 2003

7. राज्यक्षय/हड़प नीति/जब्ती सिद्धांत (डॉक्ट्रिन ऑफ लैप्स) किसके द्वारा लागू की गई थी ?
(अ) हेस्टिंग्स (ब) कैनिंग
(स) विलियम बैंटिक (द) डलहौजी
उत्तर : (द) SSC 2002, RRB 2005

8. किस सिख गुरु ने फारसी में 'जफरनामा' लिखा था ?
(अ) गुरु हरिराम (ब) गुरु हरिकिशन
(स) गुरु गोविंद सिंह (द) गुरु तेगबहादुर
उत्तर : (स) SSC 2002

9. भारत में डाक व्यवस्था शुरू करने वाला ब्रिटिश गवर्नर जनरल था–
(अ) लॉर्ड डलहौजी (ब) लॉर्ड वेलेजली
(स) लॉर्ड आकलैण्ड (द) लॉर्ड बैंटिक
उत्तर : (अ) SSC 2002, RRB 2006

10. किस सिख गुरु ने गुरु नानक की जीवनी लिखी थी ?
(अ) गुरु अंगददेव ने (ब) गुरु अमरदास ने
(स) गुरु रामदास ने (द) गुरु अर्जुन देव ने
उत्तर : (द) SSC 2002

11. सिक्खों के सैन्य संप्रदाय 'खालसा पंथ' का प्रवर्तन किसने किया ?
(अ) हरराम (ब) हरकिशन
(स) गोविन्द सिंह (द) तेग बहादुर
उत्तर : (स) SSC 1999

12. 1757 में सिराजुद्दौला किसके द्वारा पराजित किया गया ?
(अ) कैनिंग (ब) हेस्टिंग्स
(स) क्लाइव (द) कार्नवालिस
उत्तर : (स) RRB 2006

13. निम्नलिखित में से किस–किस ने लार्ड वेलेजली के साथ सहायक संधि पर हस्ताक्षर किए ?
1. हैदराबाद के निजाम
2. अवध के नवाब
3. मैसूर के राजा
4. बंगाल के नवाब
(अ) 1 और 2 (ब) 2 और 3
(स) 1, 2 और 4 (द) 1, 2 और 3
उत्तर : (द) RRB 2006

14. निम्नलिखित में से सिख गुरुओं का सही कालक्रम बताइए–
(अ) नानकदेव, रामदास, अमरदास, अंगदेव
(ब) तेगबहादुर, रामदास, अर्जुनदेव, गोविंद सिंह
(स) गुरु नानक, अंगददेव, अमरदास
(द) अमरदास, रामदास, अर्जुनदेव, तेगबहादुर
उत्तर : (द) RRB 2005

15. सुगौली की संधि (1816 ई.) किनके बीच संपन्न हुई थी ?
(अ) ईस्ट इंडिया कंपनी और नेपाल
(ब) ईस्ट इंडिया कंपनी और मिथिला
(स) ईस्ट इंडिया कंपनी और अवध
(द) अवध का नवाब और नेपाल
उत्तर : (अ) RRB 2005

16. टीपू सुल्तान की मृत्यु 1799 ई. में कहाँ हुई थी ?
(अ) मैसूर में (ब) कुर्ग में
(स) श्रीरंगपट्टनम में (द) वांडीवाश में
उत्तर : (स) RRB 2005

17. हड़प नीति (डोक्ट्रिन ऑफ लैप्स) के अन्तर्गत कौन–से भारतीय राज्य कब्जे किये गये थे ?
(अ) झांसी, नागपुर व ट्रावणकोर
(ब) झांसी, नागपुर व सतारा
(स) झांसी, सतारा व मैसूर
(द) मैसूर, सतारा व भावनगर
उत्तर : (ब) RRB 2005

18. ठगी प्रथा के उन्मूलन से संबद्ध गवर्नर जनरल थे–
(अ) कार्नवालिस (ब) बैंटिक
(स) डलहौजी (द) रिपन
उत्तर : (ब) RRB 2004

19. वोडयार.........................के शासक थे।
(अ) मैसूर (ब) ट्रावणकोर
(स) विजयनगर (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ) RRB 2004

20. टीपू सुल्तान की राजधानी थी–
(अ) श्रीरंगपट्टनम (ब) मैसूर
(स) बंगलौर (द) भावनगर
उत्तर : (अ) RRB 2003

21. क्लाइव को बंगाल का गवर्नर बनाया गया–
(अ) 1756 ई. में (ब) 1757 ई. में
(स) 1758 ई. में (द) 1759 ई. में
उत्तर : (स) RRB 2003

22. स्वतंत्र भारत का प्रथम गवर्नर जनरल था–
(अ) वारेन हेस्टिंग्स (ब) कार्नवालिस
(स) लॉर्ड माउंटबेटन (द) लॉर्ड कैनिंग
उत्तर : (स) RRB 2005

23. द्वैध शासन नीति को किसने समाप्त किया था ?
(अ) लॉर्ड माउण्टबेटन (ब) कर्जन
(स) वारेन हेस्टिंग्स (द) लॉर्ड रिपन
उत्तर : (स) RRB 2004

24. अंग्रेजों का सर्वाधिक विरोध किसने किया था ?
(अ) राजपूतों ने (ब) मुगलों ने
(स) सिक्खों ने (द) मराठों ने
उत्तर : (द) RRB 2004

25. प्लासी का युद्ध (1757 ई.) अत्यधिक ऐतिहासिक महत्व था, क्योंकि–
(अ) इसने भारत में फ्रेंच शक्ति का अंत कर दिया
(ब) इसने बंगाल में ब्रिटिश वर्चस्व के लिए मार्ग प्रशस्त किया और उसके बाद संपूर्ण भारत पर ब्रिटिश नियंत्रण के लिए रास्ता खुल गया
(स) एडमिरल वाटसन–कर्नल क्लाइव के अधीन सारी सेना का सफाया हो गया
(द) सिराजुद्दौला के खिलाफ सभी विश्वासघाती मारे गये
उत्तर : (ब) RRB 2004

26. ब्रिटिश सरकार भारतीयों को आधुनिक शिक्षा देना चाहती थी, इसमें उनका उद्देश्य क्या था ?
(अ) भारत में अपनी राजनीतिक सत्ता की नींव सुदृढ़ करना
(ब) भारत में शिक्षा के स्तर को ऊपर किए
(स) भारत में जन–साक्षरता का विकास करना
(द) निरक्षर भारतीयों के अंदर व्याप्त अराजकता को दूर करना
उत्तर : (अ) RRB 2004

27. प्रशासनिक अव्यवस्था (कुशासन) के आधार पर डलहौजी ने किस राज्य को ब्रिटिश साम्राज्य में मिलाया था ?
(अ) अवध (ब) उड़ीसा
(स) बर्मा (द) संयुक्त प्रांत
उत्तर : (अ) RRB 2004, CDS 2011

28. 'आदिग्रंथ' किसने संकलित किया था ?
(अ) गुरु नानक ने (ब) गुरु रामदास ने
(स) गुरु अर्जुन ने (द) गुरु गोविंद सिंह ने
उत्तर : (स) RRB 2004

29. भारत में निम्न वायसरायों में से किसके काल में इंडियन पैनल कोड, सिविल प्रोसीजर कोड और क्रिमिनल प्रोसीजर कोड परित किये गये ?
(अ) लॉर्ड मेयो (ब) लॉर्ड डलहौजी
(स) लॉर्ड कैनिंग (द) लॉर्ड डफरिन
उत्तर : (स)

30. ईस्ट इंडिया कंपनी के नेतृत्व में राबर्ट क्लाइव का उत्तराधिकारी निम्नलिखित में से कौन था ?
(अ) बैंटिक (ब) कार्नवालिस
(स) हेस्टिंग्स (द) वेलेजली
उत्तर : (स) CDS 2004

31. सती प्रथा का अन्त करने तथा ठगी को समाप्त करने का श्रेय किसको जाता है ?
(अ) लॉर्ड डलहौजी (ब) लॉर्ड विलियम बैंटिक
(स) लॉर्ड आकलैंड (द) लॉर्ड कैनिंग
उत्तर : (ब) NDA 2000

32. भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी की सफलता का राज था–
(अ) भारत में राष्ट्रीय भावना की कमी
(ब) कंपनी की सेना को पश्चिमी प्रशिक्षण मिला था तथा उनके पास आधुनिक हथियार थे
(स) भारतीय सैनिकों में राष्ट्रीय भावना का अभाव
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (द)

33. निम्नलिखित में से ब्रिटिश सरकार का वह गवर्नर जनरल कौन था जिसने भारत में डाक टिकट शुरु किए थे ?
(अ) लॉर्ड डलहौजी (ब) लॉर्ड विलियम बैंटिक
(स) लॉर्ड कैनिंग (द) लॉर्ड आकलैंड
उत्तर : (अ) CPO SI 2003

34. निम्नलिखित में से अवध के स्वायत्त राज्य का संस्थापक कौन थे ?
(अ) शुआउद्दौला
(ब) सादत खाँ 'बुरहान–उल–मुल्क'
(स) सफदरजंग
(द) शेर खाँ
उत्तर : (ब) CDS 2004

35. निम्नलिखित में से किसने मीर कासिम तथा शुजाउद्दौला के साथ मिलकर अंग्रेजी ईस्ट इंडिया पर युद्ध घोषित किया और वे बाद में बक्सर के युद्ध में अंग्रेजों से पराजित हुए ?
(अ) जहाँदार शाह (ब) फर्रुखसियर
(स) मुहम्मद शाह (द) शाह आलम II
उत्तर : (द) CDS 2004

36. ईस्ट इंडिया कंपनी और बंगाल के नवाब के बीच जब प्लासी का युद्ध हुआ उस समय मुगल सम्राट कौन था ?
(अ) अहमद शाह
(ब) अजीजुद्दीन आलमगीर II
(स) मुहम्मद शाह
(द) शाह आलम II
उत्तर : (ब) CDS 2003

37. नवाब सिराजुद्दौला एवं ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच संघर्ष का प्रमुख कारण था–
(अ) अंग्रेजों ने सिराजुद्दौला के राज्यारोहण का विरोध किया
(ब) अंग्रेजों ने व्यापार छूटों का दुरुपयोग किया
(स) अंग्रेजों ने बंगाल में फ्रांसीसियों के उपनिवेश चन्द्रनगर पर हमला किया
(द) काला कारावास (ब्लैक होल) की घटना का होना
उत्तर : (ब) CDS 2004

38. प्लासी के युद्ध में केवल कुछ सरदारों ने सिराजुद्दौला का साथ दिया। वे सरदार निम्न में से कौन थे ?
(अ) मोहन लाल (ब) मीर मदान
(स) (अ) और (ब) दोनों (द) खादिम खाँ
उत्तर : (स)

39. काल कोठरी (ब्लैक होल) की घटना, जिसमें 146 में से 123 लोग एक छोटी कोठरी में बंद कर दिए जाने के कारण मर गए थे, कहाँ घटी थी ?
(अ) मुर्शिदाबाद (ब) ढाका
(स) मुंगेर (द) कलकत्ता
उत्तर : (द)

40. ''प्लासी के युद्ध के बाद भारत के लिए शाश्वत दुःख की काली रात का आरंभ हुआ'' यह किस बंगला कवि का कथन है ?
(अ) नवीन चन्द्र सेन
(ब) बंकित चन्द्र चटर्जी
(स) रवीन्द्रनाथ टैगोर
(द) काजी नजरुल इस्लाम
उत्तर : (अ)

41. किस इतिहासकार ने 1765 ई. से 1772 ई. तक कंपनी के राज्य को (द्वैध शासन के काल को) 'डाकुओं का राज्य' की संज्ञा दी है ?
(अ) जदुनाथ सरकार (ब) के.एम. पणिक्कर
(स) ताराचंद (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

42. 'सुरक्षा प्रकोष्ठ नीति' संबंधित है–
(अ) वारेन हेस्टिंग्स से (ब) लॉर्ड डलहौजी से
(स) हेनरी लारेन्स से (द) लॉर्ड हेस्टिंग्स से
उत्तर : (अ) BPSC 2005

43. इलाहाबाद की संधि (1765) के बाद राबर्ट क्लाइव ने मुर्शिदाबाद का उपदीवान किसे बनाया था ?
(अ) मुहम्मद रजा खान (ब) राजा शिताव राय
(स) राय दुर्लभ (द) सैय्यद गुलाम हुसैन
उत्तर : (अ) BPSC 2002

44. निम्नलिखित में से किस भारतीय को राबर्ट क्लाइव ने बिहार का नायब दीवान नियक्त किया था ?
(अ) अमीरचंद (ब) मानक चंद
(स) राय दुर्लभ (द) राजा शिताब राय
उत्तर : (द) BPSC 2001

45. रणजीत सिंह ने स्रुपसिद्ध कोहिनूर हीरा प्राप्त किया था–
(अ) शाह शुजा से (ब) जमां शाह से
(स) दोस्त मुहम्मद से (द) शेर अली से
उत्तर : (अ) BPSC 1996

46. निम्नांकित में से कौन सुमेलित नहीं है ?

(अ) लॉर्ड कार्नवालिस – स्थायी बंदोबस्त
(ब) लॉर्ड वेलेजली – सहायक संधि प्रणाली
(स) लॉर्ड हेस्टिंग्स – द्वितीय आंग्ल–मराठा युद्ध
(द) लॉर्ड बैंटिक – 1829 का 17वाँ रेग्युलेशन
उत्तर : (स) UPPCs 2003
व्याख्या:– द्वितीय आंग्ल–मराठा युद्ध (1803–06) लॉर्ड वेलेजली के कार्यालय में हुआ।

47. ब्रिटिश जनरल जिसने हैदर अली को पोर्टानोवा के युद्ध में हराया था–
(अ) कैप्टन पोपहोम (ब) सर आयरकूट
(स) सर हेक्टर मुनरो (द) जनरल गोडाई
उत्तर : (ब) JPSC 2003

48. महाराज रणजीत सिंह के उत्तराधिकारी थे–
(अ) हरिसिंह नलवा (ब) खड़क सिंह
(स) शेर सिंह (द) नौनिहाल सिंह
उत्तर : (ब) JPSC 2003

49. किस सिख गुरु ने विद्रोही राजकुमार खुसरो की सहायता धन एवं आशीर्वाद से की थी ?
(अ) गुरु हरगोविंद ने (ब) गुरु गोविंद सिंह ने
(स) गुरु अर्जुनदेव ने (द) गुरु तेगबहादुर ने
उत्तर : (स) UPPCS 2003

50. सबसे अधिक निर्णायक युद्ध जिसने अंग्रेजों के भारत में प्रभुत्व को संस्थापित कर दिया था, था–
(अ) प्लासी का युद्ध
(ब) बक्सर का युद्ध
(स) वांडीवाश का युद्ध
(द) पानीपत का तीसरा युद्ध
उत्तर : (ब) UPPCS 2001

51. रणजीत सिंह किस मिस्ल से संबंधित थे ?
(अ) सुकरचकिया (ब) संधावालिया
(स) अहलूवालिया (द) रामगढ़िया
उत्तर : (अ) UPPCS 1997

52. तथाकथित कुशासन के आधार पर किस गवर्नर जनरल ने मैसूर राज्य के प्रशासन को अपने हाथ में ले लिया था ?
(अ) लॉर्ड वेलेजली ने
(ब) लॉर्ड हेस्टिंग्स ने
(स) लॉर्ड विलियम बैंटिक ने
(द) लॉर्ड हार्डिंग ने
उत्तर : (स) UPPCS 2004

53. किसने अपनी राजधानी मुर्शिदाबाद से मुंगेर स्थानांतरित की ?
(अ) अलीवर्दी खाँ (ब) सिराजुद्दौला
(स) मीर जाफर (द) मीर कासिम
उत्तर : (द) UPPCS 2004

54. 1 नवम्बर, 1858 को महारानी विक्टोरिया का घोषणापत्र इलाहाबाद में पढ़कर सुनाया था–
(अ) लॉर्ड विलियम बैंटिक ने
(ब) लॉर्ड कैनिंग ने
(स) लॉर्ड बर्नहम ने
(द) सर हारकोर्ट बटलर ने
उत्तर : (ब) UPPCS 2001

55. किसकी समाधि के कारण नांदेड़ गुरुद्वारा सिक्खों द्वारा पवित्र माना जाता है ?
(अ) गुरु रामदास (ब) गुरु अंगद
(स) गुरु अर्जुनदेव (द) गुरु गोविन्द सिंह
उत्तर : (द) UPPCS 2002

56. बक्सर के युद्ध (1764) के समय दिल्ली का शासक कौन था ?
(अ) औरंगजेब (ब) शाह आलम I
(स) बहादुरशाह जफर (द) शाह आलम II
उत्तर : (द) MPPSC 2005

57. टीपू सुल्तान अंग्रेजों के साथ युद्ध में कब मारे गये थे ?
(अ) 1857 ई. (ब) 1799 ई.
(स) 1793 ई. (द) 1769 ई.
उत्तर : (ब) MPPSC 2000

58. किसके शासनकाल में 'ब्लैक होल' दुर्घटना घटित हुई थी ?
(अ) अलीवर्दी खाँ (ब) मीर जाफर
(स) सिराजुद्दौला (द) मीर कासिम
उत्तर : (स) MPPSC 1997

59. सिक्खों के अंतिम गुरु कौन थे ?
(अ) गुरु अर्जुनदेव (ब) गुरु गोविन्द सिंह
(स) गुरु तेगबहादुर (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब) MPPSC 1994

60. किसके समय में कलकत्ता में प्रथम न्यायालय की स्थापना की गई थी ?
(अ) राबर्ट क्लाइव (ब) वेन्सिटार्ट
(स) वेरेस्ट (द) वारेन हेस्टिंग्स
उत्तर : (द)

61. बंगाल के किस गवर्ननर जनरल के काल में पिट्स इंडिया एक्ट (1784) पारित किया गया ?
(अ) वारेन हेस्टिंग्स (ब) कार्नवालिस
(स) वेलेजली (द) लॉर्ड मिण्टो
उत्तर : (अ)

62. बंगाल के किस गवर्नर के समय में सरकारी खजाना मुर्शिदाबाद से कलकत्ता स्थानांतरित किया गया ?
(अ) राबर्ट क्लाइव (ब) वेन्सिटार्ट
(स) कर्टियर (द) वारेन हेस्टिंग्स
उत्तर : (द)

www.rajstudents.com

63. निम्नलिखित में से कौन–सा युद्ध था जिसने भारत में ब्रिटिश प्रभुत्व का प्रारंभ किया ?
(अ) प्लासी का युद्ध
(ब) बक्सर का युद्ध
(स) मैसूर की तीसरी लड़ाई
(द) 1857 का विद्रोह
उत्तर : (अ) MPPSC 1994

64. डिंडीगुल नाम है–
(अ) केरल में एक पक्षी विहार का
(ब) तमिलनाडु में एक नगर का
(स) कर्नाटक में एक त्यौहार का
(द) आंध्र प्रदेश में एक तटीय नगर का
उत्तर : (ब) RAS/RTS 1993

65. किस अधिनियम के तहत वारेन हेस्टिंग्स बंगाल के प्रथम गवर्नर जनरल बनाये गये ?
(अ) 1773 का रेग्युलेटिंग एक्ट
(ब) 1793 का चार्टर एक्ट
(स) 1813 का चार्टर एक्ट
(द) 1833 का चार्टर एक्ट
उत्तर : (अ)

66. निम्नलिखित भारतीय शासकों में से कौन था जिसने विदेशों में आधुनिक पद्धति से दूतावास स्थापित किए थे ?
(अ) हैदर अली (ब) मीर कासिम
(स) शाह आलम II (द) टीपू सुल्तान
उत्तर : (द) UPPCS 2011

67. ब्रिटिश भारतीय राज्य क्षेत्र का अंतिम प्रमुख विस्तार हुआ–
(अ) डफरिन के समय से
(ब) डलहौजी के समय से
(स) लिटन के समय से
(द) कर्जन के समय से
उत्तर : (ब) UPPSC 2000

68. 1707 ई. में औरंगजेब की मृत्यु के बाद मुहम्मद मुअज्जम किस नाम से मुगल राजसिंहासन पर बैठा ?
(अ) मुहम्मदशाह (ब) बहादुरशाह I
(स) जहाँदारशाह (द) शाह आलम I
उत्तर : (ब)

69. ठगों के दमन में निम्नलिखित में से कौन सम्बद्ध था ?
(अ) जनरल हेनर प्रेन्डरग्रान्ट
(ब) कर्नल स्लीमैन
(स) एलेक्जेंडर बनर्स
(द) कैप्टन राबर्ट पेम्बरटन
उत्तर : (ब) UPPSC 1997

70. 'नृप निर्माता' के रूप में किन्हें जाना जाता है ?
(अ) मीर जुमला (ब) जुल्फिकार खाँ
(स) चिनकिलिच खाँ (द) सैय्यद बंधु
उत्तर : (द)

71. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. 1775
B. 1780
C. 1824
D. 1838
सूची–II
1. प्रथम आंग्ल बर्मा युद्ध
2. प्रथम आंग्ल अफगान युद्ध
3. प्रथम आंग्ल मराठा युद्ध
4. द्वितीय आंग्ल मैसूर युद्ध
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 3, B – 4, C – 1, D - 2
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (स)

72. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. बहादुरशाह प्रथम
B. फर्रुखसियर
C. मुहम्मदशाह
D. बहादुरशाह द्वितीय
सूची–II
1. शाह–ए–बेखबर
2. मुगल वंश का घृणित कायर
3. रंगीला
4. जफर
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 3, B – 4, C – 1, D - 2
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

73. बहादुरशाह प्रथम की मृत्यु के बाद जहाँदारशाह मुगल सिंहासन पर आसीन हुआ। वह किसकी सहायता से सम्राट बना ?
(अ) जुल्फिकार खाँ (ब) हुसैन अली खाँ
(स) अब्दुल्ला खाँ (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

74. फर्रुखसियर किसके सहयोग से मुगल बादशाह बना ?
(अ) जुल्फिकार खाँ (ब) सैय्यद बंधु
(स) मुहम्मद अमीर खाँ (द) मीर जुमला
उत्तर : (ब)

www.rajstudents.com

75. सैय्यद बंधुओं ने मराठों के सहयोग से किस मुगल सम्राट को सत्ताच्युत कर हत्या कर दी ?
(अ) जहाँदार शाह (ब) फर्रुखसियर
(स) रफी–उद–दरजात (द) रफीउद्दौला
उत्तर : (ब)

76. सैय्यद बंधुओं का पतन किसके समय में हुआ ?
(अ) फर्रुखसियर (ब) रफी–उद्–दरजात
(स) मुहम्मदशाह (द) शाह आलम क्षितीय
उत्तर : (स)

77. किस मुगल बादशाह का मूल नाम रोशन अख्तर था ?
(अ) मुहम्मदशाह 'रंगीला' (ब) शाह आलम द्वितीय
(स) बहादुरशाह द्वितीय (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

78. अवध, हैदराबाद, भरतपुर, रुहेलखंड एवं फर्रुखाबाद किस मुगल शासक के समय में स्वतंत्र हुए ?
(अ) फर्रुखसियर (ब) मुहम्मदशाह 'रंगीला'
(स) अहमदशाह (द) शाह आलम द्वितीय
उत्तर : (ब)

79. भारत पर आक्रमण करने वाले किस ईरानी शासक को 'ईरान का नेपोलियन' कहा जाता है ?
(अ) मुहम्मद बिन कासिम
(ब) तैमूर लंग
(स) नादिरशाह
(द) अहमदशाह अब्दाली (दुर्रानी)
उत्तर : (स)

80. अहमदशाह अब्दाली के प्रथम आक्रमण के समय मुगल सम्राट कौन था ?
(अ) मुहम्मदशाह 'रंगीला'
(ब) अकबर द्वितीय
(स) आलमगीर द्वितीय
(द) शाह आलम द्वितीय
उत्तर : (अ)

81. अहमदशाह अब्दाली ने भारत पर कुल 7 बार आक्रमण किए, जिनमें सर्वाधिक 3 बार आक्रमण किस मुगल शासक के समय में हुए ?
(अ) मुहम्मदशाह प्रथम (ब) अहमदशाह
(स) आलमगीर प्रथम (द) शाह आलम द्वितीय
उत्तर : (द)

82. कौन–सा मुगल बादशाह विषम परिस्थितियों के कारण 12 वर्ष दिल्ली से दूर निर्वासित के रूप में जीवन बिताया और फिर मराठों की सहायता से दिल्ली की राजगद्दी पर पुनरुस्थापित हुआ ?
(अ) मुहम्मदशाह I (ब) अहमदशाह I
(स) आलमगीर II (द) शाह आलम II
उत्तर : (द)

83. किस मुगल शासक का वास्तविक नाम अली गौहर था ?
(अ) बहादुरशाह प्रथम (ब) मुहम्मदशाह प्रथम
(स) बहादुरशाह क्षितीय (द) शाह आलम द्वितीय
उत्तर : (द)

84. कौन मुगल बादशाह एक बड़ा शायर भी था, जिसके द्वारा अपने आखिरी समय में कहा गया यह शेर विख्यात है कि–"कितना है बदनसीब जफर के दफन के लिए दो गज जमीं भी न मिली कू–ए–यार में" ?
(अ) बहादुरशाह प्रथम (ब) मुहम्मदशाह प्रथम
(स) अहमदशाह प्रथम (द) बहादुशाह द्वितीय
उत्तर : (द)

85. अंग्रेजों का पेंशनर बनने वाला प्रथम मुगल बादशाह था–
(अ) शाह आलम द्वितीय (ब) अकबर द्वितीय
(स) आलमगीर द्वितीय (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

86. किस राज्य के शासक 'नवाब वजीर' कहलाते थे ?
(अ) अवध के नवाब (ब) बंगाल के नवाब
(स) कर्नाटक के नवाब (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

87. किसने ग्रामीण जाटों को एक सैनिक शक्ति के रूप में संगठित किया ?
(अ) गोकुला (ब) राजाराम
(स) चुरामन (चूड़ामणि) (द) बदन सिंह
उत्तर : (स)

88. निम्नलिखित में से किसे 'जाटों का अफलातून' एवं जाटों का आदरणीय व विद्वान व्यक्ति' कहा जाता है ?
(अ) चूरामन (ब) बदन सिंह
(स) सूरजमल (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

89. मुर्शीद कुली जफर खाँ को बंगाल (1717 ई.) तथा उड़ीसा (1719 ई.) की सूबेदारी किस मुगल बादशाह से मिली ?
(अ) बहादुरशाह I (ब) जहाँदारशाह
(स) फर्रुखसियर (द) मुहम्मदशाह I
उत्तर : (स)

90. किसने मुर्शिदाबाद की स्थापना की तथा उसे ढाका के सथान पर बंगाल की राजधानी बनायी ??
(अ) मुर्शीद कुली जाफर खाँ
(ब) शुजाउद्दीन
(स) अलीवर्दी खाँ
(द) सिराजुद्दौला
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com

91. किस मुगल बादशाह ने 1733 ई. में बिहार की सूबेदारी बंगाल के नवाब शुजाउद्दीन को प्रदान की ?
(अ) बहादुरशाह प्रथम (ब) फर्रुखसियर
(स) मुहम्मदशाह 'रंगीला' (द) अहमदशाह प्रथम
उत्तर : (स)

92. बंगाल के शासक मुर्शिद कुली जफर खाँ एवं अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच विचाद का सर्वप्रमुख कारण था–
(अ) मुगल बादशाह फर्रुखसियर द्वारा 1717 ई. में जारी फरमान की मुर्शिद कुली जफर खाँ एवं ब्रिटिश कंपनी द्वारा अलग–अलग व्याख्या
(ब) अंग्रेजों द्वारा मुर्शिद कुली जफर खाँ पर हमला
(स) कलकत्ता की किलेबंदी
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

93. बंगाल के किस नवाब ने यूरोपीय लोगों की तुलना 'मधुमक्खी के छत्ते से की जिसे यदि न छेड़ा जाये तो शहद देगी, पर यदि छत्त के साथ छेड़छाड़ की गई, तो मुधमक्खियाँ काट–काट कर प्राण ले सकती थी ?
(अ) अलीवर्दी खाँ (ब) सिराजुद्दौला
(स) मीर जाफर (द) मीर कासिम
उत्तर : (अ)

94. बंगाल के नवाब अलीवर्दी खाँ का उत्तराधिकारी कौन हुआ ?
(अ) सिराजुद्दौला (ब) सरफराज
(स) मीर जाफर (द) मीर कासिम
उत्तर : (अ)

95. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. कलकत्ता पर नवाब सिराजुद्दौला द्वारा अधिकार
B. कालकोठरी की त्रासदी
C. अलीनगर की संधि
D. प्लासी का युद्ध
सूची–II
1. 15–20 जून 1756
2. 20 जून 1756
3. 9 फरवरी 1757
4. 23 जून 1757
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 3, B – 4, C – 1, D - 2
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

96. बंगाल के किस नवाब ने दो वर्षों के लिए सभी व्यापारियों के लिए समस्त व्यापारिक करों एवं चुंगियों को खत्म कर एक बड़ा असाधारण कदम उठाया था ?
(अ) अलीवर्दी खाँ (ब) सिराजुद्दौला
(स) मीर कासिम (द) मीर जाफर
उत्तर : (स)

97. इलाहाबाद की द्वितीय संधि (16 अगस्त 1765) किनके बीच हुई ?
(अ) शाह आलम II एवं क्लाइव
(ब) शुजाउद्दौला एवं क्लाइव
(स) मीर कासिम एवं क्लाइव
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

98. 'कर्नल क्लाइव का गधा या सियार' की संज्ञा किसे दी गई थी ?
(अ) सिराजुद्दौला (ब) मीर जाफर
(स) मीर कासिम (द) नज्मुद्दौलां
उत्तर : (ब)

99. कलकत्ता की सुप्रीम कोर्ट के एक न्यायाधीश ने बंगाल के किस नवाब को 'भूसे से भरे एक बैताल के रूप में उल्लिखित किया''?
(अ) मीर जाफर (ब) नज्मुद्दौला
(स) सैफुद्दौला (द) मुबारक–उद्–दौला
उत्तर : (द)

100. किसने फ्रांसीसी विशेषज्ञों की मदद से डिंडीगुल में एक आधुनिक शस्त्रागार स्थापित किया ?
(अ) इम्मदि चिक्क कृष्णराज
(ब) हैदर अली
(स) टीपू सुल्तान
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

101. किसने घोषणा कर रखी थी कि–''यह अंग्रेजों को पहले तो अकार्ट से निकाल बाहर करेगा और अंततः भारत से ?
(अ) चंदा साहिब (ब) मुहम्मद अली
(स) हैदर अली (द) टीपू सुल्तान
उत्तर : (स)

102. द्वितीय आंग्ल–मैसूर युद्ध को बंद करने के लिए टीपू सुल्तान तथा अंग्रेजों के मध्य मंगलौर की संधि (1784 ई.) हुई। इस संधि पर अंग्रेजों की ओर से हस्ताक्षर करने वाले मद्रास के गवर्नर का क्या नाम था ?
(अ) लॉर्ड हैरिस (ब) लॉर्ड हैमिल्टन
(स) लॉर्ड मैकेरिने (द) लॉर्ड स्टीफेन्सन
उत्तर : (स)

103. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. प्रथम आंग्ल–मैसूर यंद्ध
B. द्वितीय आंग्ल–मैसूर युद्ध
C. तृतीय आंग्ल–मैसूर युद्ध
D. चतुर्थ आंग्ल–मैसूर युद्ध
सूची–II
1. जनरल स्मिथ
2. जनरल आयर कूट
3. मेजर जनरल मेडोज
4. जनरल स्टुअर्ट
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 3, B – 4, C – 1, D - 2
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

104. हैदर अली की मृत्यु (1782 ई.) किस युद्ध के दौरान हुई थी ?
(अ) प्रथम आंग्ल–मैसूर युद्ध
(ब) द्वितीय आंग्ल–मैसूर युद्ध
(स) तृतीय आंग्ल–मैसूर युद्ध
(द) चतुर्थ आंग्ल–मैसूर युद्ध
उत्तर : (ब)

105. द्वितीय आंग्ल–मैसूर युद्ध के समय गवर्नर जनरल कौन था ?
(अ) वारेन हेस्टिंग्स (ब) लॉर्ड कार्नवालिस
(स) सर जान शोर (द) लॉर्ड वेलेजली
उत्तर : (अ)

106. तृतीय आंग्ल–मैसूर युद्ध के दौरान टीपू के विरुद्ध चतुर्पक्षीय संयुक्त मोर्चा में शामिल थे–
(अ) ट्रावणकोर, निजाम, मराठा एवं अंग्रेज
(ब) ट्रावणकोर, निजाम, मराठा एवं फ्रांसीसी
(स) रूहलेखंड, ट्रावणकोर, मराठा एवं अंग्रेज
(द) रूहेलखंड, ट्रावणकोर, निजाम एवं मराठा
उत्तर : (अ)

107. किसकी अत्यंत प्रिय उक्ति थी–''भेड़ की तरह एक लम्बी जिंदगी जीने से कहीं बेहतर है, शेर की तरह एक दिन जीना'' ?
(अ) हैदर अली (ब) टीपू सुल्तान
(स) अलीवर्दी खाँ (द) मीर कासिम
उत्तर : (ब)

108. किस सिख गुरु ने प्रत्येक सिख से दशांशा धार्मिक कर वसूल करना आरंभ किया एवं साधु वेश त्यागकर राजसी वस्त्र पहनना आरंभ किया ?
(अ) अर्जुनदेव (ब) हरगोविंद
(स) तेगबहादुर (द) गुरु गोविंद सिंह
उत्तर : (अ)

109. किस सिख गुरु को 'बाकला द बाबा' कहा जाता है ?
(अ) अर्जुनदेव (ब) तेगबहादुर
(स) गुरु गोविंद सिंह (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

110. गुरु गोविंद सिंह की रचनाएँ हैं–
1. दशम ग्रंथ
2. चण्डी चरित्र
3. विचित्र नाटक
4. जफरनामा
(अ) 1, 2 एवं 3 (ब) 1, 2 एवं 4
(स) 2, 3 एवं 4 (द) 1, 2, 3 एवं 4
उत्तर : (द)

111. किसने मुखलिशपुर में लोहागढ़/लौहगढ़ नामक मजबूत किला बनवाया ?
(अ) तेगबहादुर (ब) गुरु गोविंद सिंह
(स) बंदा बहादुर (द) रणजीत सिंह
उत्तर : (स)

112. किस मुगल बादशाह के आदेश पर बंदा बहादुर की हत्या की गई ?
(अ) बहादुरशाह I (ब) फर्रुखसियर
(स) मुहम्मदशाह I (द) शाह आलम II
उत्तर : (ब)

113. सैनिक संगठन 'खालसा दल' की स्थापना किसने की ?
(अ) गुरु गोविंद सिंह (ब) कपूर सिंह
(स) महासिंह (द) रणजीत सिंह
उत्तर : (ब)

114. रणजीत सिंह ने किस स्थान पर अधिकार करने के बाद 'महाराजा' की उपाधि धारण की ?
(अ) लाहौर (ब) अमृतसर
(स) मालवा (द) कांगड़ा
उत्तर : (अ)

115. रणजीत सिंह को किस विजय अभियान के फलस्वरूप जमजमां नामक तोप की प्राप्ति हुई ?
(अ) लाहौर विजय अभियान
(ब) अमृतसर विजय अभियान
(स) मालवा विजय अभियान
(द) कांगड़ा विजय अभियान
उत्तर : (ब)

116. रणजीत सिंह ने किस मिस्ल से लाहौर (पंजाब की राजनैतिक राजधानी) एवं अमृतसर (पंजाब की धार्मिक राजधानी) छीने ?
(अ) भंगी (ब) सुकरचकिया
(स) सिंहपुरिया (द) अहलूवालिया
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com

117. रणजीत सिंह एवं अंग्रेजों के बीच हुए अमृतसर की संधि (1809 ई.) में किस नदी को दोनों के राज्य–क्षेत्रों के बीच की सीमा निर्धारित की गई ?
(अ) सिंधु (ब) झेलम
(स) रावी (द) सतलज
उत्तर : (द)

118. पंजाब में सिख राज्य के संस्थापक थे–
(अ) तेगबहादुर (ब) गुरु गोविंद सिंह
(स) बंदा बहादुर (द) रणजीत सिंह
उत्तर : (द)

119. प्रथम आंग्ल–सिक्ख युद्ध (1845–46) एवं द्वितीय आंग्ल–सिख युद्ध (1848–49) के समय पंजाब राज्य का शासक था–
(अ) खड़क सिंह (ब) नौनिहाल सिंह
(स) शेर सिंह (द) दिलीप सिंह
उत्तर : (द)

120. भारत के किस गवर्नर जनरल के समय में सिंध का विलय (1843) अंग्रेजी राज्य में किया गया था ?
(अ) लॉर्ड एलनबरो (ब) लॉर्ड आकलैंड
(स) लॉड्र हार्डिंग (द) लॉर्ड हेस्टिंग्स
उत्तर : (अ) UPPSC 2012

121. सिंध विजय का श्रेय किसे दिया जाता है ?
(अ) मैकाले (ब) अलेक्जेंडर बर्न्स
(स) आउट्रम (द) सर चार्ल्स नेपियर
उत्तर : (द)

122. सहायक संधि के संबंध में किसने कहा–''हमारी नीति और हमारे लक्ष्य में भारतीय राज्यों को शून्य की स्थिति में पहुंचा दिया है ?
(अ) लॉर्ड वेलेजली (ब) टॉमस मुनरो
(स) लॉर्ड डलहौजी (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

123. भारत में सहायक संधि का जन्मदाता था–
(अ) डुप्ले (ब) लॉर्ड वेलेजली
(स) लॉर्ड डलहौजी (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

124. सहायक संधि को सुनिश्चित एवं व्यापक स्वरूप किसने प्रदान किया था ?
(अ) डुप्ले (ब) लॉर्ड वेलेजली
(स) लॉर्ड डलहौजी (द) क्लाइव
उत्तर : (ब)

125. पंजाब के राजा रणजीत सिंह की राजधानी कहाँ थी ?
(अ) अमृतसर (ब) लाहौर
(स) रावलपिंडी (द) पेषावर
उत्तर : (ब) Utt. PSC 2008

126. निम्नलिखित में से कौन–सा एक दिल्ली में नादिरशाह के सैन्य अभियान की सफलता के लिए संभव कारण नहीं था ?
(अ) कमजोर मुगल सम्राट
(ब) उत्तर पश्चिम सीमांत में मजबूत रक्षा का अभाव
(स) दिल्ली की रक्षा के लिए विलम्ब से तैयारी
(द) आक्रमण सेना द्वारा बेहतर सैन्य प्रौद्योगिकी का प्रयोग
उत्तर : (द) CDS 2011

127. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A.समाचार पर प्रतिबन्ध समाप्त
B. प्रथम आंग्ल–अफगान युद्ध
C. प्रथम आंग्ल–सिख युद्ध
D. हिन्दू विधवा पुनर्विवाह
सूची–II
1. लॉर्ड डलहौजी
2. लॉर्ड आकलैंड
3. लॉर्ड हार्डिंग
4. चार्ल्स मेटकाफ
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 4, B – 2, C – 3, D - 1
(स) A – 3, B – 4, C – 1, D - 2
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (ब)

128. गोद प्रथा पर प्रतिबंध लगाने वाला गवर्नर जनरल था–
(अ) लॉर्ड वेलेजली (ब) लॉर्ड डलहौजी
(स) लॉर्ड हार्डिंग (द) विलियम बैंटिक
उत्तर : (ब)

129. केरल के राजा मार्तंड वर्मा के बारे में निम्नलिखित में से कौन–सा एक सत्य नहीं है ?
(अ) उसने त्रावनकोर पर शासन किया
(ब) उसने सामंतों का दमन किया
(स) उसने मजबूत एवं आधुनिक सेना संगठित की
(द) उसने शांति बनाये रखने के लिए यूरोपीय अधिकारियों को भारी रिष्वत दी
उत्तर : (द) CDS 2011

130. प्रथम आंग्ल–मैसूर युद्ध (1767–69) में कौन विजयी हुआ ?
(अ) अंग्रेज (ब) हैदर अली
(स) मराठा (द) हैदराबाद का निर्माण
उत्तर : (ब) UPPCS 2015

www.rajstudents.com